प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक: 04.01.2025
समय : 09:00 ए.एम.

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में ग्रामीण भारत महोत्सव का उद्‌घाटन करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने केन्द्र सरकार से अगले साल के खेलों इंडिया राष्ट्रीय युवा खेलों की मेजबानी देने का आग्रह किया।
- राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में एमओयू करने वाले उद्यमियों के लिए रीको ने प्रत्यक्ष भूखंड आंवटन योजना लागू की।
- ख्वाजा मोइनुद्‌दीन हसन चिश्ती के सालाना उर्स में आज प्रधानमंत्री की ओर से चादर पेश की जायेगी। दरगाह वेबपोर्टल और गरीब नवाज एप की भी शुरूआत होगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में ग्रामीण भारत महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर श्री मोदी जनसभा को भी संबोधित करेंगे। महोत्सव का आयोजन भारत मंडपम में किया जा रहा है। महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण भारत में उद्यमशीलता की भावना और सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाना है। ये विकसित भारत 2047 के लिए एक समावेशी ग्रामीण भारत का निर्माण करने की थीम पर आधारित होगा। महोत्सव 9 जनवरी तक चलेगा।

केन्द्र सरकार ने कहा कि चीन में ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस–एच एम पी वी के फैलने की खबरों से देश में चिंता की कोई बात नहीं है। संवाददाताओं से बातचीत में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक अतुल गोयल ने कहा कि यह किसी श्वसन संबंधी वायरस की तरह है। इस वायरस से वयस्कों और बच्चों में फ्लू जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। श्री गोयल ने कहा कि किसी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए देश पूरी तरह तैयार है।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने केन्द्र सरकार से अगले साल के खेलो इंडिया राष्ट्रीय युवा खेलो की मेजबानी राजस्थान को देने का आग्रह किया है। उन्होंने प्रदेश के युवाओं को खेलो के क्षेत्र में आगे ले जाने और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए राजस्थान में स्टेट सेंटर ऑफ एक्सिलेंस की स्थापना के लिए भी अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री ने इस बारे में केन्द्रीय खेल एवं युवा मामले मंत्री मनसुख मांडविया को पत्र लिखा है। उन्होंने लिखा है कि राष्ट्रीय युवा खेल 2026 की मेजबानी मिलने से राजस्थान में युवाओं को खेलों में अपनी क्षमता दिखाने का बेहतर अवसर मिलेगा। इसके साथ ही खेलो के बुनियादी ढांचे और पर्यटन को भी बढावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने आयोजन की तैयारी और खेलो के आधारभूत ढांचे को बेहतर करने के लिए ढाई सौ करोड़ रूपये की वित्तीय सहायता मंजूर किये जाने का भी आग्रह किया है।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के नये भवन का आज जयपुर में लोकार्पण किया जायेगा। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस बी. आर. गवई और राजस्थान विधिक सेवा प्राधिकरण के जस्टिस संदीप मेहता तथा राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एम एम श्रीवास्तव इसे जनता को समर्पित करेंगे। इसके बाद प्राधिकरण की ओर से जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया है। ये संगोष्ठी जेल सुधारों पर होगी।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जैसलमेर रेल्वे स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के तहत आने वाले इस स्टेशन पर कई तरह के सौदंर्यकरण के काम भी किये जा रहे है।

......

रीको ने प्रत्यक्ष भूखंड आंवटन योजना लागू की है। इसके जरिये राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट में राज्य सरकार के साथ एमओयू करने वाले उद्यमियों को सुगमता से उद्योग स्थापित करने के

लिये भूमि आवंटन किया जायेगा। इस योजना में औद्योगिक भूखण्ड आवंटित किए जाएंगे। रीको की ओर से इसके लिए ऑनलाइन पॉर्टल विकसित किया गया है जिस पर उद्यमी एसएसओ आईडी के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।रीको भी राज्य में औद्योगिकीकरण को बढावा देने के लिए प्रयास कर रहा है। चिन्हित औद्योगिक क्षेत्रों में भूखण्ड की निर्धारित आरक्षित दर पर विभिन्न क्षेत्रफल के अधिकतम तीन भूखण्डों के लिए उद्यमी प्रोजेक्ट रिपोर्ट के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए उद्यमी अपनी रूचि अनुसार एक ही औद्योगिक क्षेत्र अथवा वरीयता क्रम में विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में भूखण्डों के लिए विकल्प दे सकते है। रीको के चेयरमैन अजिताभ शर्मा ने बताया कि लंबे समय से उद्यमी रीको ई–नीलामी के साथ ही प्रत्यक्ष आवंटन की भी मांग कर रहे थे, ताकि उचित कीमत पर भूमि उपलब्ध हो सके।

अजमेर में चल रहे ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के सालाना उर्स में आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से दरगाह शरीफ पर चादर पेश की जायेगी। श्री मोदी की ओर से अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ये चादर भेंट करेंगे। श्री रिजिजू दरगाह के वेबपोर्टल और गरीब नवाज एप की भी शुरूआत करेंगे। इस अवसर पर भाजपा के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दिकी भी उपस्थित रहेंगे। अल्पसंख्यक मंत्रालय के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर कुमार और दरगाह के संयुक्त सचिव श्रेसा सी शाइक मोहीद्दीन भी उनके साथ रहेंगे। ख्वाजा साहब के 813 वे उर्स में भाग लेने के लिए देश विदेश से जायरीन पहुंच रहे है। प्रशासन और पुलिस की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए है। पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों से 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। उर्स क्षेत्र में पांच हजार जवानों को तैनात किया गया है।

प्रदेश में तापमान में थोडी बढोतरी दर्ज हुई है। इससे लोगों को कडाके की सर्दी से राहत मिली है। हालांकि कई स्थानों पर घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। बीते 24 घंटों में वनस्थली, चूरू, भरतपुर,

करौली, हनुमानगढ़ सहित कई स्थानों पर कोहरा छाया रहा और तेज सर्दी का असर रहा।

वहीं जयपुर, जैसलमेर, अजमेर सहित कुछ स्थानों पर धूप निकलने से लोगों को राहत मिली। भरतपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि घना कोहरा छाया हुआ हैं। इसके साथ ही गलन का असर बना हुआ है। राज्य में अगले दो दिन न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सैल्सियस की बढोतरी की संभावना है। हालांकि नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कल बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश के आसार है। इस बीच मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने लोगों से कड़ाके की सर्दी से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी का पालन करने की अपील की है। इसके साथ ही जरूरतमंदों को सहायता देने का भी आग्रह किया है।

......

पाली जिले के गिरादडा में ऑक्सीजोन जंगल बनाने की पहल से पर्यावरण प्रेमियों में खुशी की लहर है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पर्यावरण विशेषज्ञों ने चारागाह गोचर भूमि को पौधो और जंगल के अनुकूल बनाने के लिए कई तरह के ऑर्गेनिक उत्पादों का इस्तेमाल किया है।